भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2812

जिसका उत्तर 08.08.2024 को दिया जाना है

देहरादून में सुरंग परियोजना

2812. श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देहरादून को एक बारहमासी सड़क के माध्यम से टिहरी-गंगोत्री से जोड़कर देहरादून-उत्तरकाशी के बीच की दूरी कम करने के लिए एक सुरंग का निर्माण प्रस्तावित है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) और (ख) राष्ट्रीय राजमार्गों का विकास एक सतत प्रक्रिया है। मंत्रालय को उत्तराखंड सहित विभिन्न राज्य सरकारों से राष्ट्रीय राजमार्गों की घोषणा/उन्नयन/विकास के लिए प्रस्ताव प्राप्त होते रहते हैं। मानदंड की पूर्ति, संपर्कता (कनेक्टिविटी) की आवश्यकता, परस्पर प्राथमिकता और निधियों की उपलब्धता तथा पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के साथ तालमेल के आधार पर निर्णय लिए जाते हैं। देहरादून से टिहरी के बीच सुरंग के संबंध में, डीपीआर सौंप दी गई है।

*****